## प्रेस नोट दिनांक 02-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

**ऑपरेशन प्रहार के तहत मार पीट, चोरी, दुष्कर्म आदि अपराधों में संलिप्त 02 अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत आज दिनांक 02-03-2023 को चोरी, मारपीट, दुष्कर्म, पाक्सों आदि अपराधों में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त के विरूद्ध जनपद के थाना शोहरतगढ़ व खेसरहा पर धारा (3)3 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्यवाही की गयी।

**निम्नलिखित अभियुक्त के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी-**

**1-** मोनू पुत्र नरसिंह उम्र 22 वर्ष निवासी गड़ाकुल थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**2-** सगीर अहमद पुत्र रउफ उम्र 29 वर्ष निवासी बनकेगांव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनाँक 02.03.2023 थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर

**आगामी त्यौहार होलिका दहन , होली, शबे बरात के दृष्टिगत थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा ग्राम जिवपुर, चेतियवा, कोल्हुई बुजुर्ग, बराव नानकर पंच मोहनी , करही , भरवलिया, सेहुडा का भ्रमण किया गया, ग्राम वासियों से त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील किया गया।**

अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल मार्गदर्शन में एवं हरीश चंद्र क्षेत्राधिकारी इटवा के नेतृत्व में , बलजीत कुमार राव प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के मय फोर्स आज दिनांक 02.03.2023 को आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली, शबे बरात के दृष्टिगत थाना स्थानीय के ग्राम जिवपुर, चेतियवा, कोल्हुई बुजुर्ग , बराव नानकर पंच मोहनी , करही , भरवलिया, सेहुडा का भ्रमण किया गया ग्राम वासियों से त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 02-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 03 परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 02-03-2023 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर परिवार को बिखरने से बचाया गया तथा शेष 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है , 03परिवार को बिखरने से बचाने मे महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान म0हे0का0 सविता सिंह व म0आ0 अनिशा सरोज व म0 आ0 प्रियम्बदा सिंह म0आ0नेहा सिंह महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विववण-**

1. सुधा पत्नी नितेश साकिन बनौली , थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. मोनी पत्नी सहदेव साकिन करनहा, थाना जोगिया उदयपुर ,जनपद सिद्धार्थनगर।
3. रीमा पत्नी रोशन साकिन फुलवापुर, थाना कोतवाली बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 02-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर**

**सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व ₹ 60,000 /- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के संबंध में अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02-03-2023 को सत्र परीक्षण सं. 46/2013 मु.अ.सं. 673/2012 धारा 302, 201 भा0द0वि0 थाना त्रिलोकपुर से सम्बन्धित अभियुक्ता सलीमुन्निशा को प्रभावी पैरवी कराकर दण्डित कराया गया। उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्ता सलीमुन्निशा पत्नी हकीम निवासी ग्राम पुरैना थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर को माननीय न्यायाधीश श्री हिमाँशु दयाल श्रीवास्तव, न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थनगर द्वारा आजीवन कारावास तथा 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिसमें सरकार की तरफ से पैरवी राजेश कुमार त्रिपाठी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तथा न्यायालय पैरोकार हे0का0 राम भरत प्रसाद, थाना त्रिलोकपुर का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 02.03.2023 थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर**

**थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया**

अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, व देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्वेक्षण में राजेश कुमार शुक्ला थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई के नेतृत्व में आज दिनांक 02/03/2023 को आगामी शब ए बारात, ,एवं होली त्यौहार को सकुशल पूर्वक हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने हेतु थाना क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी, धर्मगुरुओं ,मौलानाओं , मुतावलियो संभ्रांत व्यक्तियों व डीजे धारकों आदि के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो को उच्च अधिकारीगण के माध्यम से प्राप्त आदेशों-निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया तथा मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों को उक्त त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने हेतु अपील की गई।

**प्रेस नोट- थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 02.03.2023**

**थाना खेसरहा पुलिस द्वारा त्यौहार होली/शब-ए-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीस कमेटी मीटिंग किया गया।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बाँसी की अध्यक्षता में भानु प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना खेसरहा सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में आज दिनांक 02.03..2023 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार होली/शब-ए-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना स्थानीय के सम्भ्रान्त व्यक्ति/धर्मगुरुओ के साथ पीट कमेटी मीटिंग की गयी तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु उच्च अधिकारीगण द्वारा दिये गये आदेशो निर्देशो से सभी को अवगत अवगत कराया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 02-03-2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर**

आज दिनांक 02.03.2023 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात गर्वित सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार द्वारा बांसी मार्केट चौराहा ,जोगिया कस्बा, सनई चौराहा , साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया एवं रिफ्लेक्टर चस्पा किया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 37 वाहनों से 39500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी एवं 01 वाहनों के वाहन चालकों द्वारा नशे की हालात मे वाहन चलाने पर चालान किया गया तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।